Dainik Bhaskar, 02/09/2025, Tuesday

बिट्स में आयोजन

## प्रशिक्षण 13 तक चलेगा, सेना की विभिन्न कमांड्स से 50 अधिकारी भाग ले रहे हैं

# भारतीय सेना के लिए दूसरे मैनेजमेंट डवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारम्भ

भास्कर न्यूज | पिलानी

सेना के चयनित जूनियर कमीशंड ऑफिसर्स और नॉन-कमीशंड ऑफिसर्स के लिए मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम जिसका विषय है सूचना प्रौद्योगिकी, इन्वेंटरी मैनेजमेंट, अकाउंटिंग के दूसरे बैच का शुभारंभ हुआ। यह विशेष प्रशिक्षण 1 सितम्बर से 13 सितम्बर तक चलेगा, जिसमें सेना की विभिन्न कमांड्स से आए 50 अधिकारी भाग ले रहे हैं।



पिलानी. बिट्स परिसर में हुए कार्यक्रम में उपस्थित सेना के अधिकारी व अन्य।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव, वाइस-चांसलर, बिट्स पिलानी द्वारा किया गया। उन्होंने इस पहल को भारतीय सेना और अकादमिक संस्थानों के बीच ज्ञान-साझेदारी का एक ऐतिहासिक कदम बताया। समारोह में मौजूद कर्नल सौम्यव्रत चक्रवर्ती (से.नि.), रजिस्ट्रार, बिट्स पिलानी ने कहा कि कार्यक्रम में शामिल विषय सेना के लॉजिस्टिक और सपोर्ट ऑपरेशनों को और प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण सत्रों में केस स्टडी, समूह चर्चा, आईटी टूल्स का अभ्यास और वित्तीय प्रबंधन कार्यशालाएं शामिल की गई है। यह कार्यक्रम बिट्स पिलानी के प्रबंधन विभाग और यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस मिशन में प्रो. सुधीरकुमार बड़ाई की भूमिका निर्णायक रही है। इसकी शैक्षणिक रूपरेखा तैयार करने में प्रो. श्रीकांत राउत्रॉय, प्रो. सत्येन्द्र कुमार शर्मा और प्रो. सौरभ चड्ढा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह कार्यक्रम आर्मी ट्रेनिंग कमांड, शिमला और बिट्स पिलानी के बीच हुए समझौते के तहत किया जा रहा है।